# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001

क्रमांकः गोपनीय / 2025 / 261
दिनांकः– 2 SEP 2025

प्रति,
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या / निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर / धार / झाबुआ / खण्डवा / खरगोन / बड़वानी / बुरहानपुर / अलिराजपुर

**विषयः– नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सत्र 2024–25 की स्नातक स्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (परम्परागत एवं स्ववित्त पाठ्यक्रम) के नियमित /स्वाध्यायी एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा के सी.सी.ई. / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट अंक के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि उक्त कक्षाओं के **पूरक** प्राप्त विद्यार्थियों के सी.सी.ई / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट के अंक महाविद्यालयों द्वारा दिनांक **25 / 10 / 2025** तक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजे जाने है। उक्त दिनांक तक लिंक खुली रहेगी।

अतः सुनिश्चित कर लेवे कि सभी कक्षाओं के सी.सी.ई. / प्रायोगिक / प्रोजेक्ट के अंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवश्यक रूप से उक्त दिनांक तक जमा किये जा सकेंगे। उक्त समयावधि में उपरोक्त कार्य सम्पन्न किया जाना है। साथ में कॉलेज के अधिकृत व्यक्ति का फोन नम्बर तथा ई–मेल आय.डी. भी प्रायोगिक परीक्षा सेल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड इन्दौर को ई–मेल आय.डी. opcdavv@gmail.com पर ई–मेल करे। ऑनलाईन पर अंक प्राप्त नहीं होने पर विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रूकने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

अंकों की एक प्रति (हार्ड कापी) भी विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर सेंटर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खण्डवा रोड, इन्दौर पर आवश्यक रूप से प्रेषित किये जाना हैं। लिफाफे के ऊपर प्रायोगिक / आंतरिक परीक्षा अंक अंकित होना चाहिये।

**नोट– उक्त कक्षाओं के समस्त विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा के अंक महाविद्यालय द्वारा एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक 25 / 10 / 2025 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय को भेजे जावें।**

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक / गोपनीय / 2025 / 261
दिनांक :– 2 SEP 2025

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र. शासन ) इन्दौर
2. माननीय कुलपतिजी के सचिव, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर
3. विभागाध्यक्ष, कम्प्युटर सेन्टर, दे.अ.वि.वि., इन्दौर
4. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालयों की ओर इस आशय के साथ कि संबंधित महाविद्यालयों को अवगत कराये।
5. प्रभारी, प्रयोगिक परीक्षा सेल दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त कक्षाओं के अंक ऑनलाईन प्राप्त होने हेतु दिनांक 25 / 10 / 2025 तक लिंक खोली जावें।
6. विभागाध्यक्ष आई.टी. सेन्टर तक्षशिला परिसर खण्डवा रोड इन्दौर की ओर सूचनार्थ है कि उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अनिवार्यतः अपलोड करें।

सहा.कुलसचिव (गोप.)